पंजाब केसरी 07/08/2024

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित हरियाली तीज समारोह में प्राचार्य डा. रोहित दत्त का स्वागत करतीं प्राध्यापिकाएं। (देवदत्त)

अम्बाला (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज के सभागार में मंगलवार को हरियाली तीज की धूम रही, जिसमें कालेज के सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सबको हरियाली तीज की बधाई दी।

इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई, जिसमें सबसे पहले मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने प्राप्त किया, जबकि एम.ए. द्वितीय वर्ष की प्रांजल राणा द्वितीय और बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आरुषि तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा तनिष ने प्राप्त किया। मंच संचालन डा. अमित कुमार, डा. नीना और महक ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कमलेश ने किया।